## कार्यालय, प्राचार्य शासकीय तुलसी महाविद्यालय
## अनूपपुर (म.प्र.)

Azadi ka Amrit Mahotsav

# प्रतिवेदन

**औद्योगिक भ्रमण-" ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई" जिला –शहडोल(म.प्र.)**

**दिनांक –16 जून 2023**

**सत्र – 2023 -24**

शासकीय तुलसी महाविद्यालय , अनूपपुर जिला – अनूपपुर (म. प्र.)

(प्रो. विनोद कुमार कोल )
प्रभारी / जिला नोडल
नोडल अधिकारी
एस.वी.सी.जी. सेल
तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)


( डॉ. जे. के . संत )
प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anupp
शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)

# प्रतिवेदन

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य डॉ . जे . के . संत के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कैरिएर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा , भोपाल के योजना क्रमांक - 6915 के अंतर्गत महाविद्यालय के अध्यनरत विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत 16 जून 2023 को " ओरिएंट पेपर मिल अमलाई जिला – शहडोल ( म. प्र. ) का भ्रमण कराया गया |

उक्त भ्रमण कार्यक्रम हेतु कार्यालय निदेशक , स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा भोपाल (म. प्र.) के पत्र क्रमांक /32 /528/विवेकानंद /2023 भोपाल दिनांक 11-05-2023 के द्वारा योजना क्रमांक 6915 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023 -24 के अंतर्गत प्रथम त्रैमास में महाविद्यालय को 15,000/- रूपए का बजट आबंटित किया गया था |

शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य डॉ. जे. के. संत केद्वारा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल /प्रकोष्ठ प्रभारी / टीपीओ प्रो. विनोद कुमार कोल और सह-प्रभारी श्रीमती संगीता बासरानी , आईक्यूएसी प्रभारी डॉ . देवेन्द्र सिंह बागरी , डॉ. राजेश्वरी तिवारी , डॉ. संजीव द्विवेदी और डॉ. तरन्नुम सरवत के नेतृत्व में महाविद्यालय की 36 छात्र / छात्राओं के एक दल को 16 जून 2023 को प्रातः 10 :00 बजे महाविद्यालय से बस को हरी झंडी दिखाकर ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई के लिए रवाना किया |




इस भ्रमण हेतु महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष ,अंतिम वर्ष और स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध में अध्यनरत की छात्र /छात्राओं प्राथमिकता प्रदान की गई और इस भ्रमण का मूल उद्देश्यछात्र / छात्राओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से संपर्क करवाना था ताकि , छात्र / छात्राए उद्योगों की गतिविधियों को कार्य स्थल पर उपस्थित होकर समझ सके तथा स्वयं को रोजगार हेतु तैयार कर सके | साथ ही ऐसे छात्र / छात्राए जिनमे

नोडल अधिकारी
एस.वी.सी.जी. सेल
शा. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

उद्यमी होने के गुण विद्यमान है वे स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने एवं अन्य को भी रोजगार उपलब्ध करने हेतु अभिप्रेरित हो सके |

महाविद्यालय की छात्र /छात्राओं का यह दल सुबह 11:20 बजे औद्योगिक संस्थान " ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई " पंहुचा, जहा परप्रवेश सम्बन्धी औपचारिकता पूरी करने के बाद दल को भ्रमण की अनुमति प्राप्त हो गई |






ओरिएंट पेपर मिल्स अमलाई के एजीएम - एच .आर . श्री रवि सिंह के द्वारा भ्रमण दल औपचारिक स्वागत किया गया और सभी का परिचय प्राप्त किया गया | श्री रवि सिंह के द्वारा प्लांट के भ्रमण के पूर्व भ्रमण दल को प्लांट में कागज बनाने से लेकरवाणिजिक विपरण हेतु बाजार में उपलब्ध कराये जाने की समस्त प्रक्रिया को सविस्तार से समझाते हुए बताया कि कागज के निर्माण के लिए ऐसे पेड़ की लकडियो का प्रयोग किया जाता है ,जिनमे रेशे अधिक होते है इसके लिए बॉस , नीलगिरीऔर सरकंडे आदि का उपयोग कागज के निर्माण में

रॉ-मटेरियल के रूप में किया जाता है | इसके लिए कंपनी के द्वारा प्लांट के पास ही 16 एकड़ के क्षेत्र में इन पौधों को तैयार किया जाता है इसके साथ ही स्थानीय कृषको से भी इन पौधों को कृषि भूमि या खली पड़ी भूमि मेंबाजार दर से कंपनी के द्वारा क्रय कर लिया जाता है जिससे स्थानीय कृषको भी लाभ पहुचता है |

नोडल अधिकारी
एस.वी.सी.जी. सेल
शा. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)




नोडल अधिकारी
एस.वी.सी.जी. सेल
शा. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)


रॉ –मटेरियल के रूप में प्रयोग किये गए लकडियो को सबसे से पहले एक माह के लिए पानी में डूबा कर रखा जाता है फिर मशीन की सहयता से इसके छोटे -छोटे टुकडो कर दिये जाते है फिर बड़े बायलर के इसे उबालकर इसकी लुगदी तैयार की जाती है फिर कैमिकल का प्रयोग कर इस लुगदी को साफ कर रोलिंग मशीन में लपेटा जाता है और मशीन की सहायता से प्रेस कर हीट देकर इनकी नमी को निकल लिया जाता है | इसके बाद यह कागज में परिवर्तित हो जाता है और रोलिंग मशीन से इस तैयार कागज को विभिन्न साइज़ में मशीन की सहयता से काट कर उपभोगता की माग के अनुरूप बाजार में डीलर के माध्यम से उपलब्ध करा दिया जाता है | आगे उन्होंने बताया की ओरिएंट पेपर मिल की स्थापना 1936 में सी. के. बिरला ग्रुप के द्वारा की गई थी |




इसके बाद भ्रमण दल ने श्री रवि सिंह के नेतृत्व मेंप्लांट में कागज बनने की सम्पूर्ण प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा और यह जाना की कागज के निर्माण में किस प्रकार की लकडियो का प्रयोग किया जाता है और किन -किन रसायनों का प्रयोग कागज उद्योग में किया जाता है तथा इन रसायनों का इन उद्योग में कितना महत्त्व है |

नोडल अधिकारी
एस.वी.सी.जी. सेल
शा. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)


PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anupp
Distt. Anuppur (M.P.)




भ्रमण के पश्चात् एजीएम- एच . आर . श्री रवि सिंह के द्वारा छात्र /छात्रओ से प्लांट भ्रमण के सम्बन्ध के फीडबैक प्राप्त किया औरउज्जवल भविष्य के किया सभी को शुभकामनाये दी| अंत में महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वामी विवेकानंद कैरिएर मार्गदर्शन के जिला नोडल / प्रकोष्ठ प्रभारी सहायक प्राध्यापक प्रो . विनोद कुमार कोल के द्वारा श्री रवि सिंह एच . आर . विभाग और ओरिएंट पेपर मिल्स के प्रबंधक के प्रति आभार प्रकट किया गया |

नोडल अधिकारी
एस.वी.सी.जी. सेल
शा. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)




औद्योगिक भ्रमण से लान्भावित छात्र / छात्राओं की संख्या

| GN | OBC | SC | ST | TOTAL |
|---|---|---|---|---|
| 05 | 16 | 05 | 10 | 36 |

नोडल अधिकारी
एस.वी.सी.जी. सेल
शा. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anupr
Distt. Anuppur (M.P.)




(प्रो. विनोद कुमार कोल )

जिला नोडल / प्रकोष्ठ प्रभारी

नोडल अधिकारी
एस.वी.सी.जी. सेल
तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)

( जे. के. संत )

प्राचार्य

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर

जिला -अनूपपुर ( म.प्र.)

स्वामी विवेकानंद कैरिएर मार्गदर्शन योजना